No. of Printed Pages : 8 **ECO-011**

**BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME**

**Term-End Examination**

10976 **June, 2018**

**(ELECTIVE COURSE : COMMERCE)**

**ECO-011 : ELEMENTS OF INCOME TAX**

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

***Note :*** *Attempt any* ***four*** *questions, including question no. 1 which is* ***compulsory****.*

**1.** From the following particulars of income of Mr. Ankur, a Government employee, compute his taxable income from salaries for the assessment year 2017–18 : *14*

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (a) | Basic Salary | 78,000 |
| (b) | High Cost of Living Allowance | 13,600 |
| (c) | Entertainment Allowance | 11,200 |
| (d) | Conveyance Allowance | 6,000 |
| (e) | Family Allowance | 6,000 |
| (f) | Bonus | 20,400 |

(g) Rent-free unfurnished house of which rental value is ₹ 6,000 per month.

He contributes 12% of his salary in statutory provident fund. 80% of conveyance allowance was spent in performing duties. He got entertainment allowance ₹ 250 per month prior to 1.4.1980. As per Government rules, the licensing fee of house shall be equal to 10% of the basic salary.

2. What do you understand by 'perquisites' ? Explain the method of valuation of Rent-free House with an example. *4+8*

3. (a) From the following information of Mr. Mayank, compute the taxable income of his house property :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Municipal Valuation | 3,30,000 |
| (ii) | Fair Rent | 3,60,000 |
| (iii) | Standard Rent under Rent Control Act | 3,36,000 |
| (iv) | Unrealised Rent of previous year 2016 – 2017 | 30,000 |
| (v) | Rent realised in the year 2017 – 2018 from unrealised rent of previous year 2016 – 2017 | 24,000 |
| (vi) | House was let at | 30,000 pm |
| (vii) | Received Rent unrealised of the year 2014 – 2015 | 30,000 |

(b) What do you understand by exempted incomes ? Identify any eight incomes which are completely exempted from income tax. *6+6*

**4.** (a) Mr. Pramod Chakravorty is a member of Parliament. He has furnished the following particulars about his income for the previous year 2016 – 2017 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Salary for working as M.P. | 20,000 |
| (ii) | Daily allowance received for attending Parliament meetings | 6,000 |
| (iii) | Interest on debentures of a cooperative society | 5,000 |
| (iv) | Dividend from a tea company (60% income of the company is agricultural income) | 4,000 |
| (v) | Winning from lottery (net receipt) | 16,520 |
| (vi) | Refund of money by Life Insurance Corporation under money back policy | 10,000 |
| (vii) | Interest on deposits in a firm (net amount) | 5,328 |
| (viii) | Interest on Post Office Saving Account | 530 |

| | | |
|---|---|---|
| (ix) | Agricultural Income in Sri Lanka | 20,000 |
| (x) | He won crossword puzzles | 5,000 |
| (xi) | Rent received from sub-letting his official residence in Delhi | 12,000 |

He paid rent of ₹ 5,000 for the house given on sub-let and spent ₹ 1,000 for collecting rent from sub-tenant.

(xii) Mr. Chakravorty received a cash gift of ₹ 51,000 from his friend on 10th February, 2017.

Compute total taxable income of Mr. Pramod Chakravorty for the assessment year 2017 – 2018.

(b) Identify the various kinds of securities for income tax purposes. *8+4*

**5.** What do you understand by set-off of losses ? Explain the provisions for set-off of losses as given in Income Tax Act, 1961. *2+10*

**6.** Write short notes on any ***two*** of the following : *6+6*

(a) Encashment of Earned Leave

(b) Treatment of Unrealised Rent as per Income Tax Rules

(c) Casual Income

(d) Bond Washing Transactions

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2018

## (ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य)

## ई.सी.ओ.-011 : आयकर के मूल तत्त्व

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** *किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए जिनमें प्रश्न सं. 1 शामिल हो, जो कि* ***अनिवार्य*** *है ।*

---

1. श्री अंकुर, एक सरकारी कर्मचारी, के निम्नलिखित आय-विवरण से कर-निर्धारण वर्ष 2017 – 18 के वेतन से कर-योग्य आय की गणना कीजिए : *14*

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (क) | मूल वेतन | 78,000 |
| (ख) | उच्च जीवन स्तर भत्ता | 13,600 |
| (ग) | मनोरंजन भत्ता | 11,200 |
| (घ) | यातायात भत्ता | 6,000 |
| (ङ) | परिवार भत्ता | 6,000 |
| (च) | बोनस | 20,400 |

(छ) किराये से मुक्त असज्जित मकान, जिसका किराया मूल्य ₹ 6,000 प्रति माह है ।

वह वैधानिक भविष्य निधि (provident fund) में अपने वेतन का 12% अंशदान करते हैं । यातायात भत्ते का 80% कर्तव्य-पालन हेतु व्यय हो गया । उन्हें 1.4.1980 के पूर्व ₹ 250 प्रति माह मनोरंजन भत्ता मिलता था । सरकारी नियमों के अनुसार मकान का अनुज्ञा शुल्क (licensing fee) मूल वेतन के 10% के बराबर माना जाएगा ।

**2.** 'अनुलाभों' (perquisites) से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित किराया-मुक्त मकान के मूल्यांकन की विधि की व्याख्या कीजिए । *4+8*

**3.** (क) निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर श्री मयंक की मकान सम्पत्ति की कर-योग्य आय की गणना कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | नगरपालिका मूल्यांकन | 3,30,000 |
| (ii) | उचित किराया | 3,60,000 |
| (iii) | किराया नियन्त्रण अधिनियम के अन्तर्गत भवन का मानक किराया | 3,36,000 |
| (iv) | गत वर्ष 2016 – 2017 का वसूल न हुआ किराया | 30,000 |
| (v) | गत वर्ष 2016 – 2017 के न वसूल हुए किराये की वर्ष 2017 – 2018 में वसूल की गई रकम | 24,000 |
| (vi) | मकान किराये पर उठा | 30,000 प्रति माह |
| (vii) | वर्ष 2014 – 2015 का न वसूल हुआ किराया प्राप्त हुआ | 30,000 |

(ख) कर-मुक्त आयों से आप क्या समझते हैं ? आयकर से पूर्णतया मुक्त किन्हीं आठ आयों की पहचान कीजिए । *6+6*

**4.** (क) श्री प्रमोद चक्रवर्ती संसद सदस्य हैं । गत वर्ष 2016 – 2017 के सम्बन्ध में उन्होंने अपनी आय के निम्नलिखित विवरण दाखिल किए हैं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | संसद सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु वेतन | 20,000 |
| (ii) | संसद सभाओं में सम्मिलित होने का प्राप्त हुआ दैनिक भत्ता | 6,000 |
| (iii) | एक सहकारी समिति के ऋणपत्रों पर प्राप्त ब्याज | 5,000 |
| (iv) | एक चाय कम्पनी से प्राप्त लाभांश (कम्पनी की आय का 60% भाग कृषि आय है) | 4,000 |
| (v) | लॉटरी से जीती हुई पुरस्कार राशि (शुद्ध प्राप्त रकम) | 16,520 |
| (vi) | जीवन बीमा निगम द्वारा धन वापसी (मनी बैक) पॉलिसी के अन्तर्गत वापस की गई राशि | 10,000 |
| (vii) | एक फर्म में जमा पर प्राप्त ब्याज (शुद्ध राशि) | 5,328 |
| (viii) | डाकघर बचत खाते पर ब्याज | 530 |

(ix) श्री लंका में कृषि आय 20,000

(x) वर्ग-पहेलियों से उसकी जीती गई राशि 5,000

(xi) दिल्ली के अपने सरकारी आवास को उप-किराये पर देने से प्राप्त किराया 12,000

उन्होंने उप-किराये पर दिए गए आवास का किराया ₹ 5,000 चुकाया तथा उप-किरायेदार से किराया वसूल करने में ₹ 1,000 व्यय किए ।

(xii) श्री चक्रवर्ती को 10 फरवरी, 2017 को ₹ 51,000 का नकद उपहार अपने मित्र से प्राप्त हुआ ।

कर-निर्धारण वर्ष 2017 – 2018 के लिए श्री प्रमोद चक्रवर्ती की कुल कर-योग्य आय की गणना कीजिए ।

(ख) आयकर प्रयोजन के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों की पहचान कीजिए । *8+4*

**5.** हानियों की पूर्ति से आप क्या समझते हैं ? हानियों की पूर्ति से सम्बन्धित आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए । *2+10*

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *6+6*

(क) कर्मचारी द्वारा न ली गई छुट्टियों के बदले प्राप्त राशि

(ख) न वसूल हुए किराये का उपचार (आयकर नियमों के अनुसार)

(ग) आकस्मिक आय

(घ) दिखावटी (Bond Washing) लेन-देन